ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट


WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, रविवार 29 सितम्बर 2024

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 1 अंक 207

रिसर्चर्स बोले- चंद्रयान-3 चंद्रमा के सबसे पुराने क्रेटर पर उतरा:यह 3.85 अरब साल पहले बना था; इस साइट पर कोई दूसरा मिशन लैंड नहीं हुआ



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली. चंद्र मिशन और सैटेलाइट्स की तस्वीरों का विश्लेषण करने वाले वैज्ञानिकों ने अनुमान जताया है कि चंद्रयान-3 चंद्रमा के सबसे पुराने क्रेटर्स में से एक पर उतरा। वैज्ञानिकों की टीम में अहमदाबाद के फिजिकल रिसर्च लैबोरेटरी एंड इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (ISRO) के रिसर्चर्स भी शामिल हैं।

फिजिकल रिसर्च लैबोरेटरी के प्लैनेटरी साइंस डिवीजन में एसोसिएट प्रोफेसर एस विजयन ने बताया कि यह क्रेटर 3.85 अरब साल पहले नेक्टेरियन काल के दौरान बना था। नेक्टेरियन काल चंद्रमा के इतिहास में सबसे पुराने समय काल में से एक है।

एस विजयन ने न्यूज एजेंसी PTI को बताया कि चंद्रयान-3 लैंडिंग साइट एक यूनीक जियोलॉजिकल सेटिंग है। वहां इससे पहले कोई दूसरा मिशन नहीं गया है। चंद्रयान-3 के प्रज्ञान रोवर से ली गईं तस्वीरें इस लैटिट्यूड पर चंद्रमा की पहली तस्वीरें हैं। तस्वीरें से पता चलता है कि चंद्रमा समय के साथ कैसे बदला है।

भारत ने चंद्रयान-3 को 14 जुलाई 2023 को 3 बजकर 35 मिनट पर आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया था। 22 दिन बाद 5 अगस्त को यह चंद्रमा के ऑर्बिट में पहुंचा था। चंद्रयान-3 ने लॉन्च होने के 41वें दिन 23 अगस्त को चंद्रमा पर लैंडिंग की। इसी के साथ भारत चंद्रमा के साउथ पोल पर उतरने वाला पहला देश बन गया।

इस्तीफे पर किरोड़ीलाल का यू-टर्न! कैबिनेट बैठक में हुए शामिल



24 न्यूज अपडेट

जयपुर : डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने आखिरकार अपने कदम पीछे खींच लिए हैं. वे आज सचिवालय में हुई भजनलाल सरकार की कैबिनेट मीटिंग में पहुंचे और बैठक में शामिल हुए. दरअसल, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आज सचिवालय में कैबिनेट बैठक हो रही है. इस मीटिंग में डॉ. किरोड़ीलाल मीणा भी शामिल हुए हैं.

बता दें कि कृषि मंत्री के पद से डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने पिछले दिनों इस्तीफा देने का ऐलान किया था. उसके बाद उन्होंने कई सार्वजनिक मंचों से भी यह स्वीकार किया कि उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है. अब अचानक डॉ. किरोड़ीलाल मीणा आज सचिवालय में कैबिनेट बैठक में शामिल होने के लिए पहुंचे हैं. हालांकि, इस दौरान किरोड़ीलाल ने मीडिया से दूरी बनाए रखी. प्रदेश अध्यक्ष ने कहा था, किरोड़ीलाल मीणा मंत्री की हैसियत से कर रहे काम : प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ ने दो दिन पहले अपने एक बयान में कहा था कि डॉ. किरोड़ीलाल मीणा मंत्री हैं. वे मंत्री की हैसियत से विभाग का काम कर रहे हैं. फाइल भी निकाल रहे हैं. इसके बाद से यह कयास लगाए जा रहे थे कि डॉ. किरोड़ीलाल मीणा अपना इस्तीफा वापस लेंगे. अब आज अचानक किरोड़ीलाल मीणा ने कैबिनेट की बैठक में पहुंचकर सबको चौंका दिया.

RCA चुनाव कराने में फेल एडहॉक को फिर मिला मौका:3 महीने के लिए बढ़ा कार्यकाल, अब दिसंबर तक कराने होंगे चुनाव



जयदीप बिहानी | रतनसिंह शेखावत | धनंजय सिंह

24 न्यूज अपडेट

जयपुर. राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव के लिए जिला संघों को थोड़ा और इंतजार करना पड़ेगा। प्रदेश सरकार ने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की कार्यकारिणी भंग कर गठित एडहॉक कमेटी के कार्यकाल को 3 महीने के लिए और बढ़ा दिया है। इस बार भी सहकारिता विभाग ने पूर्व कार्यकारिणी को ही 3 महीने का एक्सटेंशन दिया है। सरकार द्वारा गठित एडहॉक कमेटी में बीजेपी विधायक और श्रीगंगानगर जिला क्रिकेट संघ के कोषाध्यक्ष जयदीप बिहाणी को एडहॉक कमेटी का संयोजक बनाया गया है। जबकि उनके साथ कमेटी में सदस्य नागौर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष धनंजय सिंह खींवसर, पाली जिला क्रिकेट संघ के सचिव धर्मवीर सिंह, झुंझुनूं जिला क्रिकेट संघ के सचिव हरिशचंद्र सिंह, बीकानेर जिला क्रिकेट संघ के सचिव रतन सिंह शेखावत और जैसलमेर जिला क्रिकेट संघ के सचिव विमल शर्मा को कमेटी का सदस्य बनाया गया है।

28 मार्च को एडहॉक कमेटी का गठन किया था

दरअसल, राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की कार्यकारिणी को भंग कर सरकार ने 28 मार्च के दिन एडहॉक कमेटी का गठन किया था। इसे 3 महीने में राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव कराने की जिम्मेदारी दी गई थी। लेकिन 6 महीने बाद भी सरकार द्वारा गठित की गई एडहॉक कमेटी राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव नहीं करा पाई है। इसके बाद एडहॉक कमेटी के संयोजक जयदीप बिहाणी ने रजिस्ट्रार को लेटर लिख मौजूदा हालत का हवाला देकर RCA चुनाव के लिए कमेटी के कार्यकाल को बढ़ाने की मांग की थी। इसके बाद सहकारिता विभाग ने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी के कार्यकाल को 3 महीने के लिए बढ़ा दिया है। ऐसे में अपने दो कार्यकाल में चुनाव कराने में फेल हुई मौजूदा एडहॉक कमेटी को अब दिसंबर तक राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के लंबित चल रहे चुनाव करने की जिम्मेदारी दी गई है। जिसको लेकर बड़ी जिला क्रिकेट संघों में विरोध शुरू हो गया है। जिसको लेकर अब कोर्ट जाने की तैयारी की जा रही है।

तमिलनाडु CM ने बेटे को डिप्टी CM बनाया:उदयनिधि ने सनातन धर्म को डेंगू-मलेरिया कहा था; जेल से बाहर आए सेंथिल बालाजी भी मंत्री बने



24 न्यूज अपडेट

चेन्नई. तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बेटे उदयनिधि स्टालिन को डिप्टी सीएम बना दिया है। इसके साथ ही कैबिनेट में भी फेरबदल किया। वी सेंथिल बालाजी, आर राजेंद्रन, डॉ. गोवी चेझियान और एसएम नासर को स्टालिन सरकार में मंत्री बनाया गया है।

रविवार को राजभवन में गवर्नर आरएन रवि ने सेंथिल बालाजी समेत चारों DMK नेताओं को शपथ दिलाई। सेंथिल बालाजी की स्टालिन कैबिनेट में वापसी हुई है। उन्होंने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तारी के बाद इस साल फरवरी में इस्तीफा दे दिया था। उन्हें 27 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली है।

उदयनिधि ने शपथ नहीं ली क्योंकि वे राज्य सरकार में पहले से मंत्री थे। सरकार ने कैबिनेट में उनका कद बढ़ा दिया है। उन्हें पहले ही डिप्टी सीएम मनोनीत किया जा चुका था। उदयनिधि पिछले साल सनातन धर्म पर अपने बयान को लेकर चर्चा में रहे थे। उन्होंने सनातन धर्म की तुलना डेंगू-मलेरिया से की थी।

तमिलनाडु में ऐसा दूसरी बार हुआ है, जब पिता सीएम और बेटा डिप्टी सीएम पद पर हैं। इससे पहले 2009-11 में मौजूदा सीएम एमके स्टालिन डिप्टी सीएम रहे थे। तब उनके पिता दिवंगत एम करुणानिधि मुख्यमंत्री थे। उदयनिधि अपने दादा और पिता के बाद राज्य सरकार में महत्वपूर्ण भूमिका पाने वाले अपने परिवार के तीसरी पीढ़ी के नेता हैं। उदयनिधि को डिप्टी सीएम के अलावा एक और विभाग का जिम्मा उदयनिधि स्टालिन को उनके मौजूदा युवा कल्याण और खेल विकास विभाग के अलावा योजना और विकास मंत्रालय का जिम्मा सौंपा गया है। बालाजी को कौन सा मंत्रालय दिया जाएगा, यह अभी तक साफ नहीं हुआ है।

ED ने बालाजी को 14 जून 2023 को गिरफ्तार किया था। उस समय वे राज्य सरकार में ऊर्जा मंत्री थे। इसके अलावा उनके पास आबकारी एवं निषेध विभाग भी था। वे 15 महीने जेल में रहे। 27 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने बालाजी को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत दी थी।

कई विभागों के मंत्री बदले, तीन मंत्रियों को हटाया गया

स्टालिन सरकार में कई मंत्रियों का विभाग भी बदला है। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग संभाल रहे आर. एस. राजकन्नप्पन को दूध एवं डेयरी विकास एवं खादी मंत्री बनाया गया है। तमिलनाडु के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. के पोनमुडी को वन मंत्री बनाया गया है।

पर्यावरण मंत्री शिव वी. मेय्यानाथन को पिछड़ा वर्ग मंत्री बनाया गया है। डॉ. एम. मथिवेंथन जो वन मंत्रालय संभाल रहे थे, उन्हें अब आदि द्रविड़ कल्याण विभाग दिया गया है। वित्त मंत्री थंगम थेन्नारसु को पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन का अतिरिक्त विभाग दिया गया है। डेयरी विकास विभाग संभालने वाले मनो थंगराज सहित तीन मंत्रियों को हटाया गया है।

बेटे की रील वायरल होने के बाद किया था 'बचाव':डिप्टी सीएम दिल्ली तलब, प्रदेशाध्यक्ष बोले- जानकारी ली है

24 न्यूज अपडेट

जयपुर. डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा के बेटे और उसके दोस्तों के साथ खुली जीप में पुलिस एस्कॉर्ट के साथ बनाई रील का विवाद तूल पकड़ गया है। इस विवाद में बैरवा द्वारा 'बचाव' वाले बयान पर हाई कमान ने उनके गैर जिम्मेदाराना बयान पर नाराजगी जताई और दिल्ली तलब किया है। प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ से पूरी रिपोर्ट मांगी गई है। इधर, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष के जयपुर प्रवास के दौरान वायरल हुई



रील से संगठन भी नाराज है। बेटे और उसके दोस्तों के पक्ष में बयान देने पर बैरवा सोशल मीडिया पर भी ट्रोल हो रहे हैं।


भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा से मामले की जानकारी ली है। बैरवा ने बताया कि उनकी गाड़ी नहीं थी। बच्चे साथ पढ़ते हैं तो एक साथ चले गए। बच्चों से गलती हो गई। ऐसे में पार्टी ने इस मामले को यहीं समाप्त कर दिया है। इधर, डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा ने फोन नहीं उठाया। दूसरी ओर, डीसीपी (ट्रैफिक) सागर राणा का कहना है कि खुली जीप का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस रील में एस्कॉर्ट कर रही गाड़ी पुलिस विभाग की नहीं है। यातायात नियमों के अवहेलना के संबंध में जांच करवाई जा रही है।

संपादकीय : सभ्यता विकास के चरण

भारतीय देवी-देवताओं द्वारा जिन हिंसक पशुओं को अपना वाहन बनाया गया है, वे लोकचित्त की स्मृतियों में अधिक गहराई में उतर गए मालूम पड़ते हैं। उनका संबंध सभ्यता के उस आरण्यक काल से है, जिसमें मनुष्य और पशु के बीच के रिश्ते प्रगाढ़तम थे। ऐसे मिथकों में यम का भैंसा, शिव का नंदी, दुर्गा का सिंह, विष्णु का गरुड़ और इंद्र का ऐरावत हाथी- पाशव हिंसा की अतिशक्तिशाली अभिव्यक्ति करते अक्सर दिखाई देते रहते हैं। मगर इन पर सवारी करने वाले देवता उनकी हिंसा-वृत्ति को नियंत्रित करने का प्रयास भी करते हैं। इस तरह वे उन्हें सभ्य होते मानव समाजों के लिए हितकारी बनाने की कोशिश करते हैं। हिंसा के इन मिथकीय रूपों के सामाजिकीकरण और सभ्यताकरण को समझना हो तो यम के मिथक पर निगाह डालें। यम केवल मृत्यु के देवता नहीं हैं, वे धर्मराज भी हैं। भैंसे पर सवारी करने वाला यमराज जिसे चाहता है, मारकर अपने साथ ले जाता है। तथापि उसके हाथों होने वाली हमारी मृत्यु, जैसे उसके द्वारा की गई हिंसा नहीं कहलाती। हिंसा का यह अपरिहार्य अजेय रूप, जैसे एक प्राकृतिक विधान में बदल जाता है। मिथकों के पीछे मौजूद सामाजिक-राजनीतिक अर्थों को 'डीकोड' करें, तो यम, मनुष्यों की दैहिक परिणति और कर्म नियति वाली जरूरत का पर्याय है। इसीलिए वह अनिवार्य है और इसीलिए वहां 'प्रतिहिंसा' की कोई गुंजाइश नहीं है, वहां एक सच्चा मानवीय या कुदरती न्याय होता है। पर सभ्यता के विकास के अगले दौर में यह मिथक, कुदरती मौत से संबद्ध कर्मन्याय की आदिम व्यवस्था के बाहर चला जाता है। इस अगले दौर में हम पाते हैं कि स्वर्ग पर देवों का पक्के तौर पर कब्जा हो गया है। साधन और भोग्य पदार्थ, समाज के विशेषाधिकार प्राप्त वर्ग के हाथों में, उसके सनातन अधिकार की तरह केंद्रित स्थित हो गए हैं। इसलिए साधन- च्युत वर्ग के दानव या असुर, उस पर अपने अधिकार के लिए बार-बार चढ़ाई करते हैं। उसे आदिम सभ्यता वाले दौर के एक तरह के वर्ग संघर्षों की कथा के रूप में देखा जा सकता है। मिथक के इस पक्ष को ध्यानपूर्वक 'डीकोड' करने पर हमें इसमें अपने समय की क्रांति- चेतना की व्याख्या के लिए उपयोगी आद्य विचार - प्रारूप मिल सकते हैं। सावधानी के साथ देवासुर संग्रामों की व्याख्या करने पर हम अपने समय के लिए उपयोगी इस विचार सूत्र तक पहुंच सकते हैं कि वर्ग संघर्ष के जरिए केवल सत्ता परिवर्तन वाली क्रांतियां कभी स्थायी नहीं रह सकतीं। एक न एक दिन और बड़ी जल्दी वे उखड़ जाती हैं। इसे ब्रह्मा के 'द' शब्द के उपदेश बाले मिथक में पेश किया गया है। असुरों को जो मानवीय मूल्य दिया गया है, वह है दया यानी 'प्रतिहिंसा' की प्रवृत्ति का त्याग। देवों को 'दमन' या आत्मसंयम की सलाह दी गई है, ताकि वे खुद ही सारे भोग्य पदार्थों को चट न कर जाएं और समाज के शेष वर्गों में उनके न्यायपूर्ण वितरण की व्यवस्था के अधिकार की रक्षा की जा सके। मनुष्यों को संपत्ति के न्यायपूर्ण वितरण का यह अधिकार, देवों के आत्म-संयम वाले सुशासन में ही मिल सकता है। पर बदले में उन्हें भी, 'द' यानी 'दान' करना पड़ता है। वह इस अर्थ में कि जो मिला है उसे मिल - बांट कर इस्तेमाल करना चाहिए। इस विचार सूत्र को आगे बढ़ाएं तो कह सकते हैं कि मौजूदा दौर के भोगवाद या उपभोक्तावाद की जमीन आसुरी सत्ता के बीजों को अंकुरित होने में अधिक मदद करती है। धरती के अधिकांश संसाधन, भोग्य पदार्थों के मुनाफावादी उत्पादन करने कराने में खप जाते हैं। पर मुनाफाखोरी, लालच के रूप में, 'आसुरी प्रवृत्ति' में बदल जाती है। इसीलिए भोगवादी मूल्यचेतना वाले सत्ता परिवर्तन से आई क्रांति का कोई बड़ा भविष्य नहीं होता । आत्मसंयमी जीवनशैली वाले देवों का शासक होना एक स्थायी व्यवस्था है। इस तरह मिथक हमें वर्गमूलक विचारधारा को सामाजिक मूल्यों के विमर्श में बदलने की दिशा में आगे बढ़ने का रास्ता दिखाते हैं। खुद मिथकों का अंतर्विकास इसी रूप में होता है। सभ्यतामूलक इतिहास की कथाओं से, अगले विकास-चरण वाले मिथक, संस्कृति- विमर्श की कथाओं में बदल जाते हैं। जैसे भारत के समाज में जाति के रूप में सामंती काल का श्रम विभाजन और वर्ण के रूप में कबीलाई दौर का कुल - गोत्र वाला विभाजन, आज भी जड़ें जमाए हुए है। वह सामाजिक व्यवहारों को दूर तक प्रभावित भी करता है। इसलिए मिथकीय चेतना के रूप में जब जातीय स्मृति मनुष्य को अपने समय में उपलब्ध होती है, तो उसका उस स्मृति से न सिर्फ तालमेल बैठ जाता है, बल्कि वह उस अतीत- विवेक से कुछ रौशनी भी प्राप्त करती है। उसे अपने समय के अंतर्विरोधों को सुलझाने के लिए, उस स्मृति से मदद भी मिल जाती है। इन मिथकों की अंतस्संरचना इंद्र बनाम असुर के संघर्षपूर्ण रिश्तों से ताल्लुक रखती है। जंगलों में आग लगाकर, कृषि योग्य जमीन के विकास का एक नया दौर शुरू होता है। पर हम पाते हैं कि इस संघर्ष में जंगलों के रक्षकों का आखिरकार विनाश होता है। विजय तो आर्थिक विकास के अगले दौर से जुड़ी आर्थिकता से निकली सत्ता व्यवस्था की ही होती है। इससे हम अपने आधुनिक - उत्तराधुनिक पूंजीवादी विकास के मौजूदा दौर को जोड़ सकते हैं। हमारे सामने एक अन्य तरह का मोर्चा खुला हुआ है। हम अवैध भूमि अधिग्रहण और आदिवासियों के विस्थापन के संकटों के रूबरू आ खड़े हुए हैं। इस संदर्भ में यह मिथक हमें 'मानवीय' या 'अहिंसक प्रतिरोध' के रास्ते तलाशने की दिशा दिखाता है ।

सुनीता विलियम्स को वापस लाने स्पेसएक्स का रॉकेट रवाना

2 एस्ट्रोनॉट भी साथ गए, 6 जून से ISS पर फंसे सुनीता और बुच विलमोर



24 न्यूज अपडेट

अरबपति इलोन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने शनिवार दोपहर फ्लोरिडा के केप कैनावेरल लॉन्च पैड से अपना फाल्कन 9 रॉकेट अंतरिक्ष में भेजा। ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट को अंतरिक्ष में ले गए इस रॉकेट में दो क्रू मेंबर NASA के एस्ट्रोनॉट्स निक हेग और रूसी एस्ट्रोनॉट्स अलेक्जेंडर गोरबुनोव सवार हैं।

ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट के जरिए इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (ISS) पर 5 जून से फंसी भारतीय मूल की एस्ट्रोनोट्स सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को धरती पर वापस लाया जाएगा। चार सीट वाले इस रॉकेट में दो सीटें खाली छोड़ी गई हैं।

फाल्कन 9 के लिए नए लॉन्च पैड का इस्तेमाल किया। जो कि क्रू मेंबर मिशन के लिए इस पैड का पहला इस्तेमाल था। NASA चीफ बिल नेल्सन ने X पोस्ट में कहा- सफल लॉन्च के लिए @NASA और @SpaceX को बधाई। हम स्टार्स में एक्सप्लोरेशन और इनोवेशन के रोमांचक पीरियड में रह रहे हैं।

सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर इसी साल 5 जून को बोइंग के नए स्टारलाइनर कैप्सूल से ISS भेजे गए थे। दोनों को 13 जून को वापस आना था, लेकिन स्पेसक्राफ्ट में तकनीकी खराबी के कारण उनकी वापसी टल गई थी। 116 दिन से स्पेस में फंसे सुनीता और बुच विल्मोर सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर इसी साल 5 जून को बोइंग के नए स्टारलाइनर कैप्सूल से ISS भेजे गए थे। दोनों को वहां 29 सितंबर तक 116 दिन हो चुके हैं।

NASA चीफ ने 24 अगस्त बताया था कि सुनीता विलियम्स और बुच 6 महीने बाद फरवरी 2025 तक धरती पर लौटेंगे। NASA ने माना था कि एस्ट्रोनॉट्स को बोइंग के नए स्टारलाइनर कैप्सूल में लाना खतरनाक हो सकता है।

नासा ने बताया था कि सुनीता और बुच विल्मोर फरवरी में इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट से लौटेंगे।

उधारी के रुपए लेने गए व्यापारी का अपहरण, जंगल में बंधक बनाकर व्यापारी की पत्नी से मांगी 1 लाख फिरौती



24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा. खमेरा थाना अधिकारी जीवतराम मीणा ने बताया- खमेरा निवासी 45 वर्षीय जयंतीलाल पुत्र भगवतीलाल जैन एक किराना व्यापारी है। शनिवार शाम करीब 4 बजे वह ग्राहकों से उगाही के पैसे लेने के लिए निकला था। काफी देर हो गई और रात तक घर नहीं पहुंचा। ऐसे में परिजन काफी चिंतित होने लगे थे। उन्होंने पहले तो काफी तलाश की, लेकिन कुछ सुराग हाथ नहीं लगा तो खमेरा थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई। रविवार को सुबह जयंतीलाल के नए नंबर से पत्नी के नंबर पर फोन आया। इसमें पति ने बताया कि वह जंगल में है उसे चार लोगो ने बंधक बना दिया है। एक लाख की फिरौती मांग रहे है। हालांकि उसने कोई खाता नंबर नही बताया है। पुलिस ने जब लोकेशन ट्रेस की तो अंतिम लोकेशन मध्य प्रदेश के भोपाल के आसपास की आ रही है। लोकेशन मिलने पर पुलिस की टीम भोपाल के लिए रवाना हो चुकी है।

बुजुर्ग महिला से रेप का आरोप, हॉस्पिटल में मौत

भतीजा बोला- वारदात के बाद जहर देकर पानी में फेंका

24 न्यूज अपडेट

भतीजे ने गांव के ही दो लोगों पर आरोप लगाया। भतीजे ने कहा- शनिवार शाम करीब 7 बजे के आसपास दो आरोपी 85 साल की बुजुर्ग महिला को घर से उठाकर ले गए। उन्होंने रेप किया और फिर जहर खिलाकर पानी में फेंक गए।

भतीजे ने बताया- महिला पानी से बाहर आई और फोन से परिजन को घटना की जानकारी देकर मौके पर बुलाया। मौके पर पहुंचे परिजन और ग्रामीणों ने दो घंटे की तलाश के बाद महिला को ढूंढ निकाला। वे उसे हॉस्पिटल लेकर गए। रास्ते में महिला ने पूरी घटना बताई।

हॉस्पिटल पहुंचने पर डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों की मांग है कि दोषियों को गिरफ्तार किया जाए और पीड़ित परिवार को न्याय मिले। फिलहाल महिला के बेटे के भीलवाड़ा पहुंचने पर रिपोर्ट दी जाएगी और मामला दर्ज किया जाएगा। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में रिपोर्ट मिलने के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।

ग्रामीणों ने किया मॉर्च्युरी के बाहर प्रदर्शन

ग्रामीणों ने आज महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी के बाहर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि महिला के साथ में गलत हुआ है और उसके परिवार को न्याय दिलाया जाए।

नहाने गए युवक की डूबने से मौत

45 किमी दूर दो दिन बाद मिला शव



24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा. शहर के खाटवाड़ा निवासी एक युवक शुक्रवार दोपहर कागदी नदी पर गया था। जो पैर फिसलने से बह गया। युवक नदी पर नहाने गया हुआ था। घटना की सूचना पर पुलिस और प्रशासन की टीम सिविल डिफेंस की मदद से देर रात तक तलाशी करती रही। लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा। आखिर दो दिन की मशक्कत के बाद रविवार सुबह युवक का शव 45 किमी दूर गढ़ी कस्बे के पास से गुजर रही चाप नदी में मिला। कोतवाली थाने के सब इंस्पेक्टर गोविंद ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब 4:15 बजे सुनील पुत्र नानालाल भोई ने रिपोर्ट दर्ज थी। रिपोर्ट में बताया है कि उसका साला हेमंत पुत्र देवीलाल उम्र 36 वर्ष कागदी पर गया था। जो पैर फिसलने से नदी में गिरकर बह गया। जैसे ही पुलिस को सूचना मिली तत्काल कागदी के गेट बंद कराकर रेस्क्यू शुरू किया गया। देर रात तक भी हेमंत के बारे में कुछ भी जानकारी नहीं हो सकी। इधर, कागदी नदी ओवरफ्लो की स्थिति में आ गई ऐसे में देर रात पानी फिर से छोड़ दिया गया है। शनिवार को फिर से इस संबंध में रेस्क्यू शुरू किया गया। लेकिन दूसरे दिन भी सफलता नहीं मिली। रेस्क्यू टीम में रजत गुर्जर, प्रशांत आचार्य, राजा, वीरसिंह, शांतीलाल, विनोद विजय, राहुल शामिल थे। आज सुबह सिविल डिफेंस की एक टीम को गढ़ी चाप नदी में रेस्क्यू के लिए भेजा गया। जहां टीम ने शव को ढूंढ निकाला। शव को बांसवाड़ा मोर्चरी में लाकर पोस्टमार्टम किया गया। इसके बाद परिजनों को सौंप दिया है। गौरतलब है कि कागदी बांध में लगातार पानी की आवक के चलते गेट खुले हुए है। इस कारण पानी का अत्यधिक तेज बहाव होने के कारण शव शहर में नदी की सीमा में नही मिला जो आगे जाकर सुरवानिया बांध की नदी के साथ मिलकर गढ़ी चाप नदी तक पहुंच गया। मृतक के समाज जनों से बात करने पर पता चला कि मृतक मध्यमवर्गीय परिवार से था। जिसके घर में उसकी पत्नी और दो बच्चे जिनकी उम्र करीब 10 और 12 साल है। मृतक ही एक मात्र घर में कमाई का जरिया था। मृतक टेंट हाउस में इलेक्ट्रिशियन का काम करता था।

जयपुर में स्टूडेंट की जनेऊ उतरवाने पर आक्रोश

ब्राह्मण समाज ने की दोषियों पर कार्रवाई की मांग



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर. विप्र फाउंडेशन डूंगरपुर की ओर से रविवार को स्नेह मिलन और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें ब्राह्मण समाज को एकजुट होने का संदेश दिया गया। वहीं जयपुर में सीईटी की परीक्षा देने गए एक ब्राह्मण स्टूडेंट की जनेऊ उतरवाने पर आक्रोश जताते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

विप्र फाउंडेशन का स्नेह मिलन कार्यक्रम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के पास रमा कुंवर स्कूल परिसर में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि रिटायर्ड बैंक अधिकारी हितेश चौबीसा रहे। अध्यक्षता विप्र फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंड्या, विशिष्ट अतिथि पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष पुनीत चतुर्वेदी, सर्वसमाज अध्यक्ष सुरेंद्र चौबीसा, शार्दूल चौबीसा, लक्ष्मीशंकर श्रीमाल, जगदीश वैष्णव, अशोक चौबीसा, महेश चौबिसा, जिलाध्यक्ष ललित उपाध्याय सहित कई मंचासिन रहे।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि ब्राह्मण समाज आज के समय में अलग-अलग समाजों में बिखरा हुआ है, लेकिन सर्व ब्राह्मण एक है। ब्राह्मण समाज को एकजुट होकर पूरी समाज के विकास, पिछड़े लोगों को आगे लाने, शिक्षा के क्षेत्र में काम करने के जरूरत है। उन्होंने बांसवाड़ा के तलवाड़ा के एक युवक के जयपुर में सीईटी परीक्षा के दौरान जनेऊ उतारने की घटना की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि जनेऊ ब्राह्मण समाज में पवित्र है, लेकिन स्कूल प्रबंधन ने स्टूडेंट को जबरन जनेऊ उतारने पर मजबूर कर दिया। ऐसे स्कूल प्रबंधन के साथ ही शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

कार्यक्रम के दौरान ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों और पत्रकारों का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में योगेश पंड्या, उमेश, विजय रावल, जयेश मकात, आशीष चौबीसा, दीपक शर्मा, वरुण भट्ट, राजकुमार कंसारा, मिलन शर्मा, जयेश पवार, अखिलेश शर्मा, परवेश जैन, तनुज शर्मा, चंद्रमोली चौबीसा, सुखदेव यादव, दीपक जैन सहित बड़ी संख्य में लोग मौजूद रहे।

चतुर्थ श्रेणी और ड्राइवर भर्ती के लिए होगा रिटन एग्जाम:न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता भी 8वीं से बढ़ाकर 10वीं पास किया

24 न्यूज अपडेट

जयपुर. सरकार ने मंत्रालयिक कर्मचारियों की ग्रेड-पे में बढ़ोतरी की सरकार ने मंत्रालयिक कर्मचारियों की ग्रेड-पे में बढ़ोतरी कर दी है। अब मंत्रालयिक कर्मचारियों को L-15 की जगह L-16 पे स्केल मिलेगी। इसके साथ ही सफाईकर्मियों की भर्ती में 2 साल का अनुभव अनिवार्य होगा। पंचायतीराज विभाग में समान पदों का एक समान पदनाम होगा। इसकी भर्ती भी कर्मचारी चयन बोर्ड करेगा।

निम्बाहेड़ा में मेवाड़ प्रेस क्लब की ओर से चार दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आगाज



24 न्यूज अपडेट

निंबाहेड़ा। मेवाड़ प्रेस क्लब के तत्वाधान में आयोजित चार दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ निंबाहेड़ा के डॉक्टर भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय के मैदान में एसडीम विकास पंचोली द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में एसडीएम प्रशासन, पुलिस प्रशासन, पत्रकार, व्यापार मंडल, कृषि उपज मंडी, एडवोकेट सहित कुल 8 टीमें भाग ले रही है और इस प्रतियोगिता में अपना जौहर दिखाएंगे। उद्घाटन मैच के अवसर पर एसडीएम विकास पंचोली ने बल्लेबाजी करते हुए मैच का शुभारंभ किया। वही मुख्य अतिथि वंडर सीमेंट से शैलेंद्र सिंह शक्तावत, राहुल व्यास, प्रबुद्ध नागरिक मंच के अध्यक्ष प्रकाश चेलावत रहे। मेवाड़ प्रेस क्लब के संरक्षक मानवेन्द्र सिंह चौहान, अध्यक्ष एस एस अग्रवाल, उपाध्यक्ष बीएम राठी भी मंच पर उपस्थित रहे। पहले मैच में किराणा व्यापार संघ ने दस आवर में 63 रन बनाये वही बार एसोसिएशन ने 8 ऑवर मे 64 रन बना कर जीत दर्ज की। समाचार लिखे जाने तक टूर्नामेंट के दूसरा मैच जारी रहा जिसमें कृषि मंडी और आरएसईबी के जारी है। क्लब के महासचिव रजनीश गोठवाल ने कार्यक्रम का संचालन किया। सोमवार को प्रशासन, जेके सीमेंट और पुलिस, पत्रकार के मध्य मैच रहेंगे।


एक पौधा मां के नाम मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महा अभियान

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 29 सितम्बर। एक पौधा मां के नाम मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान के तहत बिहारीलाल पर्यावरण मित्र संस्था उदयपुर की ओर से सेक्टर 14 स्थित लखारा समाज भवन और नगर निगम के पार्क शरणम में औषधिय, फ़लदार व फुलदार पौधे लगाए गए और उनकी सुरक्षा के लिए टी गार्ड भी लगाए गए। इस दौरान आयोजित संगोष्ठी में बिहारी लाल पर्यावरण मित्र संस्था के अध्यक्ष कृष्ण कुमार लखारा ने कहा कि पेड़ पौधे के बिना जीवित नहीं रह सकते। पेड़ पौधों से हमें अनगिनत और बहुमूल्य चीज़ प्राप्त होती है। यह हमारे पर्यावरण के लिए आवश्यक हैं। समाजसेवी चंद्रगुप्त सिंह चौहान ने अपने संदेश में कहा कि पेड़ पौधे पृथ्वी पर ईश्वर का दूसरा रुप हैं, जो हमें जीवन प्रदान करता है। सांस लेने के लिए ऑक्सीजन भी पेड़ पौधो से ही प्राप्त होती है। वरिष्ठ आरएएस अधिकारी कैलाश चंद्र लखारा ने बताया कि पेड़ पौधे पर्यावरण को अनुकूलित रखते हैं और ओजोन परत को बनाए रखने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देते हैं। भारतीय रीति-रिवाज के अनुसार पेड़ों का प्राचीन महत्व है। अनेक पेड़ों की पूजा की की जाती है। एसबीआई प्रबंधक दुर्गा प्रसाद लखारा ने कहा कि पेड़ लोगों की जीविका का साधन है। पर्यावरण विशेषज्ञ विनय दवे ने बताया कि पेड़ पौधे पक्षियों के आश्रय स्थल हैं। वरिष्ठ शिक्षा अधिकारी शांतिलाल लखारा ने बताया कि पेड़ पौधे प्रकृति के सुकुमार सुंदर सुखदायक संताने मानी जाती है।

गैंगस्टर लॉरेंस ने जयपुर जेल से दिया था टीवी इंटरव्यू:जूम ऐप के जरिए जुड़ा था, पंजाब SIT ने जांच के बाद राजस्थान पुलिस को दिए सबूत

21 दिन कस्टडी में रहा था



24 न्यूज अपडेट

कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के जेल से इंटरव्यू देने मामले में नया खुलासा हुआ है। पंजाब एसआईटी की टीम ने जांच के बाद सबूत दिए हैं कि जयपुर सेंट्रल जेल में रहते हुए गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का इंटरव्यू हुआ था।

जूम ऐप के जरिए एक टीवी चैनल से जुड़कर लॉरेंस ने इंटरव्यू दिया था। मामले की जांच कर रही एसआईटी टीम ने राजस्थान पुलिस को इसके सबूत दिए हैं। इसके बाद शुक्रवार रात जयपुर की लालकोठी थाने में केस दर्ज किया गया है।

दरअसल, लॉरेंस बिश्नोई ने फरवरी 2023 में जेल में बंद रहने के दौरान एक टीवी चैनल को इंटरव्यू दिया था। मामले की जांच को लेकर कोर्ट के आदेश पर पंजाब पुलिस ने पहली एफआईआर दिसंबर-2023 में और दूसरी जनवरी-2024 में दर्ज की थी।

एसआईटी ने राजस्थान पुलिस को सबूत दिए

दरअसल, मार्च 2023 में लॉरेंस के 2 इंटरव्यू सामने आए थे। लॉरेंस उस समय 21 दिन जयपुर पुलिस की कस्टडी था। एसआईटी ने इस मामले की सुनवाई के दौरान पंजाब हा कोर्ट में दो में से एक इंटरव्यू राजस्थान की किसी जेल से होने की बात कही थी।

जनवरी-2024 में दर्ज दूसरी FIR की जांच में पता चला कि इंटरव्यू के दौरान गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई जयपुर सेंट्रल जेल में बंद था।अगस्त-2024 में पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने एसआईटी हेड प्रबोध कुमार को राजस्थान डीजीपी को इसके सबूत देने के निर्देश दिए। इसी जांच के आधार पर जयपुर केस दर्ज हुआ है।

फायरिंग केस में पूछताछ के लिए जयपुर लाया गया था

दरअसल, जयपुर के जी क्लब फायरिंग केस में जवाहर सर्किल थाना पुलिस लॉरेंस बिश्नोई को 15 फरवरी को जयपुर लाई थी। यहां लॉरेंस को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे 16 दिन की पुलिस रिमांड पर सौंप दिया गया।

लॉरेंस 2 मार्च तक जवाहर सर्किल थाना पुलिस की कस्टडी में कड़ी सुरक्षा के बीच रहा था। पुलिस ने व्यापारियों से रंगदारी मांगने और जी क्लब फायरिंग केस के मामले में लॉरेंस से पूछताछ की थी। पुलिस ने लॉरेंस से रोहित गोदारा, गोल्डी बराड़ और अरविंद बिश्नोई के बारे में भी जानकारी जुटाई थी।

14 और 17 मार्च को टेलीकास्ट हुए दो इंटरव्यू

बठिंडा जेल में शिफ्ट होने के बाद 14 और 17 मार्च को एक निजी न्यूज चैनल पर लॉरेंस बिश्नोई के 2 इंटरव्यू प्रसारित हुए। ये इंटरव्यू सामने आने के बाद पंजाब पुलिस और बठिंडा जेल प्रशासन के होश उड़ गए।

गैंगस्टर बिश्नोई के जेल से प्रसारित हुए इंटरव्यू को गंभीर घटना बताते हुए पंजाब- हरियाणा हाई कोर्ट ने इस पर स्वतः संज्ञान लिया था। कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि इंटरव्यू की सुविधा देने वाले अधिकारियों की पहचान करने और उन पर सख्त कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

कोर्ट के आदेश पर मार्च 2023 में एसआईटी गठित की गई। पंजाब पुलिस के विशेष पुलिस महानिदेशक विशेष कार्य बल और एडीजीपी जेल की दो सदस्यीय समिति बनाई गई थी।

चूहों के कारण कल व परसों बंद रहेगा जयपुर का रामनिवास बाग और अल्बर्ट हॉल, चुन-चुन कर करेंगे खत्म, बिल भरेंगे

24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. जयपुर। क्या चूहों के कारण किसी पर्यटन स्थल को बंद किया जा सकता है। जी हां, जयपुर में ऐसा होने जा रहा है। रामनिवास बाग और अल्बर्ट हॉल चूहों के कारण दो दिन 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को बंद रहेगा। यहां पर चूहों की संख्या बढ़ती बेइंतहां बढ गई है। इसकी वजह से रामनिवास बाग का हर कोना खोखला होता जा रहा है। अब थक हार कर जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) विशेष अभियान चलाने वाला है। पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के निदेशक पंकज धरेन्द्र ने मीडिया को बताया कि विभाग को जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से पत्र लिख सूचित किया गया है कि चूहे नियंत्रण के लिए रामनिवास बाग को 30 सितंबर से 1 अक्टूबर तक बंद रखा जाएगा। दो दिन तक रामनिवास बाग पर्यटकों के लिए बंद रहेगा, इसलिए पर्यटक अल्बर्ट हॉल नहीं जा सकेंगे। जयपुर विकास प्राधिकरण के सचिव निशांत जैन बोले- रामनिवास बाग क्षेत्र में बड़ी संख्या में चूहों की मौजूदगी पर्यटकों के साथ आम जनता को परेशान कर रही है। इसलिए कीटनाशक की मदद से चूहों को खत्म कर उनके बिल को भरा जाएगा।जेडीए अधिकारियों के अनुसार, पक्षियों को दाना डालने और ठेलों की वजह से रामनिवास बाग में चूहे हो गए हैं, जो बहुत नुकसान पहुंचा रहे हैं। आपको बता दें कि यह कवायाद इसलिए हो रही है क्योंकि आने वाले दिनों में राइजिंग राजस्थान के कई कार्यक्रम भी अल्बर्ट हॉल पर होने हैं, इसलिए एक्शन लिया जा रहा है।



जम्मू में भाषण के दौरान बेहोश हुए कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे:बोले- इतना जल्दी मरने वाला नहीं; जब तक मोदी को हटाएंगे नहीं, जिंदा रहूंगा

24 न्यूज अपडेट

श्रीनगर. कठुआ के जसरोटा में भाषण दे रहे थे, उसी दौरान उनकी तबीयत खराब हो गई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए मंच पर बेहोश हो गए। खड़गे कल कठुआ में जाने गंवाने वाले कॉन्स्टेबल को श्रद्धांजलि दे रहे थे, तभी उनकी तबीयत बिगड़ गई। भाषण देते हुए खड़गे की आवाज धीमी होती चली गई और अचानक वे बेसुध हो गए। इसके चलते भीड़ में अफरा-तफरी मच गई। मंच पर खड़े लोगों ने उन्हें सहारा देकर बैठाया। इसके बाद उनके भाषण को रोक दिया गया। तबीयत ठीक होने के बाद खड़गे वापस मंच पर आए और कहा कि मैं 83 साल का हो गया हूं, लेकिन इतना जल्दी मरने वाला नहीं हूं। जब तक मोदी को हटाएंगे नहीं, मैं जिंदा रहूंगा। आपकी बात सुनता रहूंगा। जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने के लिए बात रखता रहूंगा। मल्लिकार्जुन खड़गे ने 22 सितंबर को जम्मू में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि जम्मू-कश्मीर को वापस राज्य का दर्जा दिलाना कांग्रेस की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य को इससे पहले कभी केंद्र शासित प्रदेश नहीं बनाया गया था। उन्होंने आगे कहा कि हम पीएम मोदी और भाजपा से पूछना चाहते हैं कि जब आपके पास पूरी शक्ति है, तो आपने अब तक जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा क्यों नहीं दिया। खड़गे ने जम्मू-कश्मीर के लिए कांग्रेस के मेनिफेस्टो का जिक्र करते हुए कहा कि हमने प्रदेश के लिए सात वादे किए हैं। हमारा पहला वादा है कि जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा वापस दिलाया जाएगा। जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद हो रहे विधानसभा चुनाव जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। 2019 में आर्टिकल-370 हटाने के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव है। जम्मू-कश्मीर में 90 विधानसभा क्षेत्र हैं, जिनमें 7 अनुसूचित जातियों के लिए और 9 अनुसूचित जनजातियों के लिए रिजर्व हैं। 18 सितंबर को पहले फेज और 25 सितंबर को दूसरे फेज की वोटिंग हो चुकी है। 1 अक्टूबर को तीसरे फेज की वोटिंग होगी। 8 अक्टूबर को नतीजे आएंगे। चुनाव आयोग के मुताबिक यहां 88.06 लाख वोटर हैं। 2014 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 25 सीटों पर जीत दर्ज की थी। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने 28 सीटें, जम्मू और कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 15 और कांग्रेस ने 12 सीटें जीती थीं। कांग्रेस 90 में से 32 सीटों पर चुनाव लड़ रही जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के सीट शेयरिंग कर रहे हैं। केंद्र शासित प्रदेश की 90 सीटों में से 51 पर नेशनल कॉन्फ्रेंस और 32 सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ रही है। 5 सीटों पर फ्रेंडली फाइट होगी। 2 सीटें सीपीआई और पेंथर्स पार्टी को मिली हैं।



हरियाणा में असम CM बोले- हमें डॉक्टर-इंजीनियर चाहिए, मुल्ला नहीं:देश से एक-एक बाबर को धक्का देकर निकालेंगे; 600 मदरसे बंद किए, बाकी भी करुंगा



24 न्यूज अपडेट

सोनीपतहरियाणा में असम CM बोले- हमें डॉक्टर-इंजीनियर चाहिए, मुल्ला नहीं:देश से एक-एक बाबर को धक्का देकर निकालेंगे; 600 मदरसे बंद किए, बाकी भी करुंगा सोनीपत. हरियाणा विधानसभा चुनाव के बीच आज सोनीपत पहुंचे असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा- कांग्रेस ने देश के कोने-कोन में छोटे-मोटे बाबर पाल रखे हैं। हमें ऐसा करना है, जैसा अयोध्या में बाबर राज खत्म हुआ, राम राज शुरू हुआ। इस देश में अभी भी छोटे-मोटे बाबर घूम रहे हैं, सबको धक्का दे देकर हमें इस देश से निकालना है। कांग्रेस की सरकार इटली में बनेगी असम CM ने यह बयान सोनीपत से भाजपा उम्मीदवार निखिल मदान की के लिए वोट मांगते हुए जनसभा के दौरान दिया। सरमा ने यहां मीडिया से भी बात की। इस दौरान हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने के पूर्व CM भूपेंद्र हुड्डा के दावे पर असम CM ने कहा, 'हुड्डा जी का एड्रेस थोड़ा गलत हो गया है। कांग्रेस आ जरूर रही है, लेकिन भारत में नहीं, इटली में आ रही है।'

किसानों और सरपंचों को पीटने के राहुल गांधी के आरोप को लेकर सरमा बोले, 'राहुल गांधी ने क्या-क्या किया, आप बताइए? पंजाब में सिख हत्या से लेकर असम में नरसंहार तक, कांग्रेस ने क्या-क्या नहीं किया? कांग्रेस तो अपने भारतीयों के खून से नहाती है, यही उनका काम है।'

कांग्रेस की गारंटी पंचर टायर जैसी कांग्रेस की गारंटियों पर असम CM ने कहा, '8 हजार 5 सौ रुपए खटाखट वाली गारंटी आपको याद है ही। वह गारंटी कोई काम में आई? हिमाचल में गारंटी देकर आए थे, काम में एक भी लागू हुई क्या? कांग्रेस की गारंटी पंचर टायर जैसी है।'

आगे उन्होंने कहा, 'कांग्रेस ने कर्नाटक में वादा किया, हिमाचल में वादा किया। कौन सा वादा निभाया है उन्होंने? हम बोलते हैं 21 सौ, रात-रात में बोल देते हैं 5 हजार। वह ऐसा करते हैं क्योंकि उनका कुछ है ही नहीं कि सरकार बनाकर वादा निभाना है। उनका तो एक ही काम है कि मैं बाप हूं तो बेटा को स्थापित करना है। अगर मां हूं तो बेटा को स्थापित करना है। केजरीवाल को थोड़ा रेस्ट करने दो सरमा ने कहा, 'अभी क्यों नहीं बोलते संविधान की बात? अभी क्यों नहीं करते आरक्षण की बात? क्यों नहीं बोल रहे खटाखट की बात? क्या 3 महीने में ही भूल गए? इनका कुछ नहीं है। सरकार भाजपा की ही आएगी। दिल्ली में मां-बेटा, हरियाणा में बाप-बेटा। दिल्ली में उनकी पैकिंग हो चुकी है, हरियाणा में भी अब पैकिंग हो जाएगी इनकी।'

वहीं, चुनाव में आम आदमी पार्टी की चुनौती को असम CM ने सिरे से नकार दिया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल अभी तिहाड़ से आए हैं। थोड़ा रेस्ट लेने दीजिए उनको।

डूंगरपुर पुलिस, एक दिन में दबोचे 156 अपराधी



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर : जिले में एसपी मोनिका सेन ने रविवार को आदतन अपराधियों की धरपकड़ के लिए एरिया डॉमिनेशन अभियान चलाया. अभियान के तहत जिलेभर में पुलिस की ओर से पुराने और शातिर बदमाशों की धरपकड़ की गई. इस दौरान विभिन्न थाना पुलिस ने 156 अपराधियों को गिरफ्तार किया. जिले में आगामी विधानसभा उपचुनाव और आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए पुलिस की ओर से यह कदम उठाया जा रहा है.

डूंगरपुर एसपी मोनिका सेन ने बताया कि पहले से ही चालानशुदा और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए ऑपरेशन एरिया डॉमिनेशन चलाया जा रहा है. अभियान के तहत पुराने शातिर बदमाशों की गिरफ्तारी की जा रही है. इसके तहत 16 थानों की 44 पुलिस टीमों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में दबिश देकर 156 अपराधियों को गिरफ्तार किया है. वहीं, दोवड़ा थाना पुलिस ने अलग-अलग इलाकों में दबिश देकर 20 आदतन अपराधी, सागवाड़ा थाना पुलिस ने 12 अपराधी, कोतवाली थाना पुलिस ने 18 अपराधी, सदर थाना पुलिस ने 11, चितरी थाना पुलिस ने 10, बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने 3, धंबोला पुलिस ने 9, आसपुर ने 5, वरदा पुलिस ने 8, निठाउवा पुलिस ने 4, रामसागड़ा पुलिस ने 13, कुआ पुलिस ने 7, साबला ने 3, चौरासी ने 14, सरोदा थाना पुलिस ने 10, ओबरी ने 9 और साबला थाना पुलिस ने 3 अपराधियों को गिरफ्तार किया है.

प्राकृत भाषा सब भाषाओं की जननी: डॉ. ज्योतिबाबू



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। भक्तामर और जिन वाणी के प्रति अवेयरनेस लाने के लिहाज से भक्तामर के 48 श्लोकों पर आधारित भक्तामर वाचन प्रतियोगिता विज्ञान समिति में संपन्न हुई। उल्लेखनीय है की पिछले 30 वर्षों से योग एवं रेकी के क्षेत्र में सेवारत भगवान महावीर योग एवं रेकी संस्थान द्वारा आयोजित भक्तामरजी वाचन प्रतियोगिता के बारे में संस्थान के चेयरमेन रेकी ग्रांड मास्टर महावीर प्रसाद जैन ने बताया की आयोजन में विशिष्ठ अतिथि आरएमवी की कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ पुष्पा कोठारी, मुख्य अतिथि समाजसेवी देवेंद्र छाप्या, आई आई टी खड़गपुर के विधार्थी सिद्धार्थ गाँधी एवं डॉ ज्योति बाबू जैन निर्णायक जज विभागाध्यक्ष, सुखाड़िया विश्वविद्यालय इत्यादि के उद्बोधन और प्रतियोगियों को पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर डॉ ज्योति बाबू जैन ने कहा की प्राकृत भाषा सब भाषाओं की जननी है। भक्तामर में 48 श्लोक है और हरेक का अपना विशेष महत्व है।

जयपुर में एस्कॉर्ट गैंग पकड़ने गई पुलिस पर हमला:गाड़ी पर कार चढ़ाने की कोशिश की, हवाई फायर करना पड़ा; 7 युवतियों समेत 10 गिरफ्तार

24 न्यूज अपडेट

जयपुर. जयपुर में ऑनलाइन एस्कॉर्ट सर्विस गैंग को पकड़ने गई पुलिस पर बदमाशों ने हमला कर दिया। पुलिस की गाड़ी पर कार चढ़ाने की कोशिश की। बचने के लिए



पुलिसकर्मियों को हवाई फायरिंग करनी पड़ी। बदमाश मौके से भाग निकले। पुलिस को घटनास्थल से कुछ दूर 200 फीट बाइपास पर कार लावारिस हालत में मिली।

मामला करणी विहार इलाके का रविवार अल सुबह 3 बजे का है। DCP (वेस्ट) अमित कुमार ने बताया- 27 सितंबर को सुबह करीब 4:30 बजे एस्कॉर्ट सर्विस बुकिंग के नाम पर कार में आए लड़कों और लड़कियों ने रुपए लेकर दो लड़कों से मारपीट की थी।

मुरलीपुरा पुलिस ने हालत गंभीर होने पर एक युवक को प्राइवेट हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती करवाया था।बदमाशों की तलाश के लिए पुलिस टीम को लगाया गया।

28 सितंबर को 200 फीट बाइपास अजमेर रोड पर कुछ जगहों की तलाशी ली गई। पता चला कि कमलेश शर्मा निवासी कमला नेहरू नगर भांकरोटा और दीपक मीणा नाम के व्यक्ति अन्य राज्यों से लड़कियों को एस्कॉर्ट सर्विस बुकिंग कराने के काम के लिए लेकर आते हैं। एस्कॉर्ट सर्विस के साथ लोगों को लूटते भी है। इस पर बोगस ग्राहक बनाकर दो पुलिसकर्मियों को भेजा गया। मोबाइल नंबर पर कॉन्टैक्ट करने पर फोटो भेजी गई। आरोपी बदमाश ने पुलिस की प्राइवेट नंबर कार पर अपनी स्विफ्ट कार चढ़ाने की कोशिश की। पुलिस की ओर से हवाई फायर किया गया। इसके बाद बदमाश फरार हो गए। 200 फीट बाइपास पर बदमाशों की स्विफ्ट कार मिली।

होटल को बना रखा था अड्डा इसके बाद करणी विहार पुलिस ने होटल उमराव हवेली पर दबिश दी। होटल के मैनेजर विवेक धाबाई और रिसेप्शनिस्ट सोनू कुमार बैरवा से पूछताछ की। पूछताछ में सामने आया- गैंग का सरगना कमलेश शर्मा और दीपक मीणा एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर बुकिंग लेते हैं।

बाहर से लाई लड़कियों को कैलाश चंद, प्रधान गुर्जर और मुकेश चौधरी ड्राइवर के रूप में बाहर लेकर जाते हैं। होटल में सर्च करने पर अलग-अलग कमरों में मिली सातों लड़कियों और उनके साथियों को पकड़ा। इनके साथ ही पुलिस टीम होटल मैनेजर और रिसेप्शनिस्ट को भी पकड़ थाने लेकर आई।

गैंग के सरगना की तलाश जारी DCP (वेस्ट) ने बताया- मामले में पुलिस ने 7 युवतियों के साथ सोरीफुल (22) निवासी मोरीगांव असम, सोनू कुमार बैरवा (25) निवासी राजगढ़ अलवर और विवेक धाबाई (38) निवासी मंडावा झुंझुनूं को अरेस्ट किया है। गैंग के सरगना कमलेश शर्मा और उसके साथी दीपक मीणा, प्रधान गुर्जर, मुकेश चौधरी, कैलाश चंद सहित अन्य फरार साथियों की तलाश की जा रही है।

नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा के आवेदन की तिथि बढ़ाई

24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर, 29 सितम्बर। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय ठाकरड़ा (डूंगरपुर) में सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 6 में प्रवेश परीक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-2025 के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 7 अक्टूबर तक बढ़ाई गई हैं। जवाहर नवोदय विद्यालय ठाकरड़ा के प्राचार्य अब्दुल अजीज ने बताया कि कक्षा 6 में प्रवेश के लिए अब 7 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन नवोदय वेबसाइट पर निःशुल्क किए जा सकते है। कक्षा 6 में दाखिले के लिए आवेदक किसी सरकारी, सरकारी मान्यता प्राप्त व व सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालय में वर्तमान सत्र 2024-25 में कक्षा 5 के डूंगरपुर जिले में अध्ययनरत होना चाहिए तथा डूंगरपुर जिले का निवासी हो। विद्यालय में प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रमाण-पत्र जो की आवेदक एवं अभिभावक और विद्यालय के प्रधानाचार्य के मोहर सहित हस्ताक्षर के साथ अनिवार्य है जो वेबसाइट पर अपलोड होगा।

खेल गांव में बास्केटबॉल खेल में एक खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर रजत पदक एवं 9 खिलाड़ियों का राज्य स्तर पर चयन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। खेलगांव बास्केटबॉल कोच उषा आचार्य ने बताया कि खेल गांव में नियमित प्रयास करने वाले खिलाड़ियों में आशीका यादव का अंडर 17 वर्ष में Iअ नेशनल टीम में चयन हुआ जो 22 सितंबर से 28 सितंबर देहरादून हुई जिसमें राजस्थान की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। नियमित खिलाड़ियों में 9 खिलाड़ियों का 68 वी राज्य स्तर पर चयन हुआ। (अंडर 14) धनंजय सिंह शक्तावत , विवेना जैन ,भार्गवी प्रशांत (अंडर 17)ऋत्विका प्रशांत, परी डांगी , जाह्नवी सिंह ,देवर्ष शर्मा (अंडर 19)मितवा शर्मा,दिव्याना बापना यह सभी खिलाड़ी बास्केटबॉल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन हुए हैं जो की 26 सितंबर से 2 अक्टूबर तक अंडर 14 बाड़मेर , (अंडर 17 ,19 छात्रद्य) भीलवाड़ा,(अंडर17, 19छात्र)पाली आयोजित होंगे ! इस उपलब्धि पर पूर्व खेल अधिकारी ललित सिंह झाला, जिला खेल अधिकारी डॉ, महेश पालीवाल,खेलगांव के सभी खेल प्रशिक्षक ,खेल परिवार ने खुशी जाहिर की।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।